(c) if so, whether this is against the policy of Government in the matter;

(d) if so, what action has been taken against the officer responsible for the lapse; and

(e) the present vacancies of non-official and official directors in various bank-wise

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI M. V. CHANDRASHEKHAR MURTHY): (a) The vacancies of non-official directors on the boards of nationalised banks have not been filled up as the Boards are being reconstituted following the amendments in 1994 to the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Acts, 1970 and 1980.

(b) to (d) Do not arise in view of reply given to part (a) above.

(e) The position of Chairman and Managing Director in Indian Overseas Bank, Syndicate Bank and Dena Bink and the post of Execu'ive Directors in Punjab National Bank, Canara Bank and Bank of Maharashtra are vacant at present.

भारत का सकल राष्ट्रीय उत्पाद

239. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :**
श्री अनन्तराम जायसवाल :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत का सकल राष्ट्रीय उत्पाद बांगलादेश से कम है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और भारत का सकल राष्ट्रीय उत्पाद बांगलादेश की अपेक्षा कितना कम है ;

(ग) क्या विश्व बैंक ने भारत के प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय उत्पाद की कोई गणना की है ;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और विश्व बैंक तथा भारतीय अधिकारियों द्वारा दिये गये आंकड़ों पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ङ) सरकार क्रय शक्ति के हिसाब से परम्परागत सकल राष्ट्रीय उत्पाद को बढ़ाने की दिशा में क्या कदम उठा रही है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम वी० चन्द्रशेखर मूर्ति): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) विश्व बैंक द्वारा प्रकाशित नवीनतम विश्वविकास रिपोर्ट 19 4 और विश्व बैंक एटलस 1994 के अनुसार हर वर्ष 1992 में भारत के लिए प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय उत्पाद अनुमानतः 310 अमरीकी डालर है। ध्यान दिया जा सकता है कि भारत सरकार का केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन वित्तीय वर्ष आधार पर रुपयों में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय उत्पाद अनुमानों को तैयार करता है और इसका प्रकाशन करता है। रुपयों में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय उत्पाद के नवीनतम अनुमान निम्नानुसार हैं:—

उपादान लागत पर प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय उत्पाद

(करोड़ रुपयों में)

	1993–94	1994–95
चालू कीमतों पर	7830	उ०न०
1980–81 की कीमतों पर	2575	2665

उ०न० : उपलब्ध नहीं

(ङ) सरकार द्वारा जुलाई 1991 से व्यापक स्तर पर शुरू किए गए सुधारों का उद्देश्य भारतीय उद्योग की अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा बढ़ाना और कुल जमा अर्थव्यवस्था की अभिवृद्धि करना है।